nandgaon times june-01-03.qxd 5/31/2024 11:57 PM Page 1

जागेश्वर साहू के मृत्यु के 21 दिन... पृष्ठ 2 | निगम के नेता प्रतिपक्ष... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स





।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

शनिवार, 01 जून 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 229, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## भारतीय प्रबंधन संस्थान में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर का शुभारंभ

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित मंत्रिमंडल के सदस्य ले रहे हिस्सा, प्रथम सत्र के आरंभ में नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने संबोधन दिया.





**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान(आईआईएम) में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर का शुभारंभ किया. चिंतन शिविर में मुख्यमंत्री साय सहित उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा तथा मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगी हिस्सा ले रहे हैं. इसे भी पढ़ें : छत्तीसगढ़ में चिलचिलाती धूप में भी संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केंद्र, अभिभावकों की बढ़ी चिंता, जोखिम में लाखों बच्चों की जान! नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए विकसित भारत की संकल्पना और इसे प्राप्त करने की रणनीति के संबंध में विस्तार से अपनी बातें साझा की. उन्होंने कहा कि बीते दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ा है और दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह बनाने में सफल रहा है. प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत 2047 बनाने का संकल्प लिया है और इसे पूरा करने की रणनीति बनाई गई है.

सुब्रमण्यम ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी स्केल, स्पीड और इनोवेशन पर जोर देते हैं. बदलते अंतराष्ट्रीय परिदृश्य और समय को देखते हुए विकसित भारत का विजन तैयार किया गया है ताकि भारत अपनी विशिष्ट जगह बना सकें. उन्होंने कहा कि अब दुनिया की निगाहें ग्लोबल साउथ पर हैं. अब नजरिया पश्चिम से पूर्व की ओर देखने का है और भारत इन संभावनाओं को पूरा करने के लिए सक्षम है. उन्होंने कहा कि भारत की जनांकिकी, भारत की रणनीतिक स्थिति और भारत में तेजी से हुए सुधारों से इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारत तैयार है. चाहे डिजिटल इकानामी हो, अथवा कर संबंधी सुधार हो. नवाचार को बढ़ावा देना हो, भारत इसमें अग्रणी रहा है और आने वाले समय में इन्हें तेजी से बढ़ाना है. विकसित भारत सबके लिए समृद्धि लेकर आये, इसके लिए कार्य करना है. क्लाइमेट चेंज जैसी समस्याओं को देखते हुए ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देते हुए सतत विकास की दिशा में काम करना है.

नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि जब हम विजन लेकर चलते हैं तो स्वाभाविक रूप से हमें एक गाइड मैप मिल जाता है और इसके अनुरूप हम बढ़ते जाते हैं. सुब्रमण्यम ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में छत्तीसगढ़ की अहम भागीदारी होगी. छत्तीसगढ़ में विकसित राज्य बनने के लिए और तीव्र विकास के लिए असीम संभावनाएं हैं और इस दिशा में आगे बढ़कर छत्तीसगढ़ अपने विकास के साथ ही विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. उल्लेखनीय है कि दो दिवसीय इस चिंतन शिविर में छत्तीसगढ़ के विजन हेतु सार्थक विमर्श होना है. साथ ही संसाधनों के सतत उपयोग एवं योजनाओं के अभिसरण सहित विविध विषयों पर चर्चा होगी. चिंतन शिविर में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप,खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा मौजूद रहे.

## शासकीय जमीन पर किया जा रहा अवैध कब्जा व निर्माण





**अम्बागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के वार्ड क्रमांक-07 रामनगर (कान्हे) में मेनरोड से लगे हुए शासकीय जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है।जिस पर वार्डवासियों की शिकायत के बाद तहसीलदार ने मंगलवार को आधी रात आकर निर्माण कार्य को रोक लगा दी है। गौरतलब हो की इसी शासकीय जमीन पर एक वर्ष पहले भी श्यामलाल चन्देले निवासी कान्हे द्वारा कब्जा करने की कोशिश की गई थी लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उस समय रोक लगवा दी थी किंतु कार्यवाही अब तक नही हुई है। और वहां पर अभी भी उसी व्यक्ति द्वारा अवैध तरीके से एक मकान निर्मित है जहां कोई नहीं रहता क्योंकि उस व्यक्ति का पहले से ही कान्हे में पक्का मकान बना हुआ है। बावजूद इसके उस व्यक्ति के द्वारा शासकीय जमीन पर घेराव कर गड्डे खुदवा कर निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा था लेकिन जागरूक वार्डवासियों के शिकायत उपरांत तहसीलदार द्वारा मोके पर पहुचकर काम को रुकवाया गया। देखने वाली बात अब यह होगी की राजस्व विभाग और नगरपंचायत द्वारा इस अवैध कब्जे और निर्माण पर क्या कार्यवाही की जाती है।

**कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा**- रामनगर, कान्हे के कालोनी के रहवासियों ने बताया कि जिस जगह पर अवैध अतिक्रमण कारी द्वारा गड्ढा करवाया गया है उससे कभी भी उस खुदे हुए गड्डों के कारण अप्रिय दुर्घटना घट सकती है क्योंकि कालोनी में आने जाने के मुख्य मार्ग में ही गड्डे हैं।

**कॉलोनी वालों ने नगरपंचायत में दिया है मिनी गार्डन के लिए आवेदन**- उक्त विवादित शासकीय जमीन पर कॉलोनी वालों ने कब्जा हटवाकर उक्त जमीन पर वार्ड के सौंदर्यकरण करने के साथ ही बच्चो के लिए मिनी गार्डन बनवाने के लिए नगर पालिका अधिकारी को आवेदन दिया है ताकि भविष्य में यहां पर किसी अन्य लोगो के द्वारा कब्जा न किया जा सके।

> अवैध कब्जा और निर्माण करने वालों पर जल्द ही उचित कार्यवाही की जाएगी।
>
> **दिलीप कुमार यदु मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
> **अम्बागढ़ चौकी**

## शव दहन स्थल में गड्ढा ही गड्ढा, शिवसेना प्रमुख एवं व्यापारी संघ के अध्यक्ष ने की सीएमओ से शिकायत



**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** अम्बागढ़ ज्ञात हो की अम्बागढ़ चौकी सन 1984 से नगर पालिका स्थापित हुवी, तब से आज तक इस नगर का मुक्तिधाम मे कभी मुक्त योग्य निर्माण नहीं होने जैसा लगता है वर्तमान मे वार्ड नंबर 13 का मुक्तिधाम जो 2 वर्ष मे ही शव दहन स्थल में गड्ढा हो गया है करोड़ो की लागत से बनी मुक्तिधाम का गुणवक्ता को देखे तो लाखों के समान लगता है, ठेकेदार निर्माण कर पूरा पैसा अहरण कर चुके है, परन्तु इस विषय पर कभी भी शासन- प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिये आखिर क्या राज रहा होगा, वही इस मुक्तिधाम पर शोकाकुल परिवार को जन, धन की हानि हो रही है, ज्ञात हो की शव दहन करने के लिये लगभग 4 से 5 क्विंटल लकड़ी या फिर 365 नग कण्डा की आवश्यकता पड़ती है, नगर का आम जनता आज दिनांक- 30 मई दिन गुरूवार समय दोपहर 12 बजे नगर पालिका अधिकारी को एक संज्ञान पत्र प्रेषित कर ध्यान आकर्षित करने का आग्रह किये है, क्या गुणवक्ता की जांच की जावेगी, क्या शव दहन स्थल को समतल करायेगी समय- समय की बात लोग मुक्तिधाम पर भी कमीशन का इन्तजार करते है।

## चाकू रखकर घुमने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया। , भेजा गया जेल



**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिली कि मंदिर परिसर छीरपानी चौक डोंगरगढ़ के पास केवल भट्ठ नाम का व्यक्ति अपने पहने हुये कपड़े के अन्दर एक धारदार चाकु छुपाकर घुम रहा है और घटना घटित कर सकता है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहुचकर आरोपी केवल भट्ठ पिता संतोष भट्ठ उम्र- 22 साल साकिन ग्राम कोसमसरा थाना कसडोल जिला बलौदाबाजार छ0ग0 के पास से एक लोहे का धारदार चाकु छुपाकर घुमते हुये पकड़कर आरोपी से एक नग धारदार चाकू को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

## नगर में चल रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई से नाराज युवा कांग्रेस

### गरीबों पर कार्रवाई, रसूखदारों पर सहानुभूति - गुलशन तिवारी



**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** नगर में बिते सप्ताह भर से हो रही अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई से नाराज जिला युवा कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी के अगुवाई में सभापति दीपक देवांगन, एन एस यू आई जिलाध्यक्ष सुमित जैन, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष सोनू ढीमर, शहर ब्लाक अध्यक्ष राजा रजक की उपस्थिति में आपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल को ज्ञापन सौंपकर नगर पालिका के दोहरे निति के तहत अवैध कब्जा धारियों पर हो रही कार्यवाही को अवगत कराया। गुलशन तिवारी ने बताया की पालिका प्रशासन मुख्य मार्गो से अवैध कब्जा हटा रही है जिसे हम स्वागत करते हैं लेकिन पालिका रसूखदारों के खिलाफएक भी कार्यवाही नहीं की है। जिससे पालिका प्रशासन का दोहरे चरित्र उजागर हुआ है। यदि कार्रवाई करना ही है तो गरीबों के साथ-साथ रसूखदारों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिये लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। बता दें कि यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिये पालिका प्रशासन द्वारा पहल किया गया है जिससे सड़क किनारे अवैध कब्जा को हटाना है। लेकिन पालिका प्रशासन केवल गरीबों के झोपड़ी, ठेला,के ऊपर कार्यवाही की है जबकि की रसूखदारों के खिलाफ अभी तक कार्रवाई नहीं की गई। कहीं पालिका प्रशासन का रसूखदारों से सेटिंग्स तों नहीं है। ये भी कहे सकते हैं कि प्रशासन रसूखदारों के खिलाफ कार्रवाई करने से डरती है।

## अतिक्रमण हटाये जाने से परेशान छोटे व्यवसायियों ने व्यवसाय करने जगह उपलब्ध कराने व व्यवसाय पुनः चालू करने कलेक्टर से गुहार लगाई



**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** नगर के छोटे व्यवसायियों ने पालिका प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की लगातार कारवाई से परेशान होकर कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। आपको बता दें कि नगर के व रोड़ों के किनारे अतिक्रमण को लेकर पालिका प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है जिससे छोटे व्यापारी काफी प्रभावित हुये हैं और उनके सामने रोजी- रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। जिससे परेशान छोटे व्यवसायियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा कर व्यवसाय करने के लिये जगह उपलब्ध कराने जगह उपलब्ध नहीं होने पर व्यवसाय पुनः चालू करने का गुहार लगाये। व्यवसायियों ने कहा हम खैरागढ़ के स्थाई निवासी हैं। और पढ़ें- लिखें बेरोजगार हैं जो अपने परिवार के भरण-पोषण करने के लिये दुकान लगाते हैं। उसी के आधार पर अपने एवं अपने परिवार का भरण-पोषण पोषण करते हैं। अपने बाल बच्चे को पढ़ाते लिखते हैं। एक सप्ताह पूर्व नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने के बहाने जबरदस्ती हम लोगों का धंधा बंद करवा दिया गया है जिससे हमारे परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है आगे भूख मरने की स्थिति निर्मित हो जाएगी। जिससे हम लोगों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हमारे दुकान को तो हटा दिया गया है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा हमें कहीं और व्यवसाय करने जगह उपलब्ध करवाया जाये जगह उपलब्ध न होने पर व्यवसाय पुनः चालू करने की अनुमति जिससे हम अपने बाल बच्चे एवं परिवार का भरण-पोषण पोषण कर सके।





## वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा चल रहे दस दिवसीय वर्ग का हुआ समापन





**दल्लीराजहरा।** सरस्वती शिक्षा केंद्र जिला राजनांदगांव,बालोद,कांकेर के आचार्यों का दस दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग स्थान सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्यमिक विद्यालय दल्लीराजहरा जिला बालोद में दिनांक 19/05/2024से30/05/2022 तक प्रशिक्षण वर्ग रखा गया है जिसमें कुल 61 अचार्य इस वर्ग में उपस्थित रहे कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि - श्री सुमित लोढा जी (प्रबंधक देव माइनिंग छ.ग.),मुख्यवक्ता - श्री राजेश्वर राव कृदत्त जी (जिला प्रतिनिधि सरस्वती शिक्षा संस्थान छ.ग.) ,अध्यक्षता- धरमचंद जैन जी (अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर दल्लीराजहरा) ,विशिष्ट- श्री नरेश जायसवाल जी (प्रान्त प्रमुख वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़), श्री महेन्द्र भाई पटेल जी,(माननीय नगर संघचालक) श्री शेखर रेड्डी जी (व्यवस्थापक स.शि.म.) , श्री भूपेंद्र तिवारी जी (प्रचार्य स.शि.म.)श्री कन्हैया लाल कुकरेजा जी (माननीय खंड संघचालक) श्री स्वाधीन जैन जी,श्री कृष्ण कुमार साहू जी, श्री जितेंद्र पटेल जी, श्री गगन चौरड़िया जी, श्री अंकित तिवारी जी, श्री शिखरचंद जैन जी,श्री नरेंद्र ग्वाल जी ,श्रीमती देवंतीन पारकर जी, श्रीमती नंदा पसीने जी, श्रीमती ऊषा साहू जी, श्रीमती महालक्ष्मी जी,श्रीमती आई गौरम्मा जी,रहे इस पूरे वर्ग में प्रार्थना, अभिनय के साथ शिशु गीत ,हिन्दी शिक्षण,संस्कारक्षम वातावरण, अंग्रेजी शिक्षण, शारीरिक खेलकूद, गीत,वंदना, कहानी, बौद्धिक विकास जैसे विषयों का प्रशिक्षण दिया गया समापन प्रकट कार्यक्रम में व्ययाम योग,आसान, शिशु गीत अभिनय के साथ व आचार्यों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया सरस्वती शिक्षा केंद्र वनवासी क्षेत्र के बच्चों को निः शुल्क संस्कार शिक्षा खेलकूद,गीत कहानी के व शैक्षणिक विकास के लिए केंद्र संचालित की जाती है इसमें गांव के ही युवक युवतिया आचार्य के रूप में प्रशिक्षण लेकर अपना सेवा देते है इस वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर दल्लीराजहरा विद्यालय परिवार का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ

**श्री स्वाधीन जैन जी ( ज्ञङ्कस् शो रूम के प्रोपाइटर ) के द्वारा सभी 75 आचार्यो एवं शिक्षकों को छाता दिया गया**

वर्ग प्रतिवेदन श्री नरेश जायसवाल जी व आभार व्यक्त श्रीशेखर रेड्डी ने किया इस कार्यक्रम में श्री श्रीराम यादव (जिला समन्वयक राजनांदगांव),श्री भुनेश्वर कुलदीप(जिला समन्वयक कांकेर)श्री पुषणलाल भुआर्य(जिला समन्वयक बालोद) अमीरदास कृषाणे(संकुल समन्वयक डौंडीलोहारा) तामेश टांडिया(संकुल समन्वयक अंतागढ़) श्री खेमन वर्मा,श्री रितेश सिन्हा,कु. देविका पटेल,कु.आशना साहू,कु. शालिनी सेन शिक्षक के रूप में रहे सहित विद्यालय के आचार्य दीदी उपस्थित रहे।

# जागेश्वर साहू के मृत्यु के 21 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं, साहू समाज में आक्रोश

## जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पायोनियर होमस द्वारा पाटनर्स रविशंकर फ्टनांनी पिता जी.जे फ्टनांनी निवासी अवंतिविहार रायपुर की कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने वाले चिखली निवासी का 15 मई 2024 को जागेश्वर साहू का 11 केव्ही लाइन के चपेट में आकर बिजली करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गया था, चुकी कार्यरत कंट्रक्शन कंपनी द्वारा 11केव्ही लाइन के नीचे मजदूर जागेश्वर साहू को बिना सुरक्षा मुहैया कराए चालू लाइन के दौरान गड्ढा खोदकर लोहे के पाइप गढ़ने दिया था जिससे करेंट के चपेट में आ गया । मृतक जागेश्वर का एक पुत्र 15 वर्ष और एक 11 वर्ष पुत्री उनकी मृत्यु के बाद अनाथ हो गया है, मृतक मजदूर और गरीब परिवार का है जो कंट्रक्शन के कंपनी के लापरवाही व आवश्यक सुरक्षा नही देने व चालू लाइन में काम कराने की वजह से काल के गाल में समा गया जिसे बाद भी संबधित कंपनी आज तक मृतक के घर मिलने नही पहुँचा व ना किसी प्रकार की कोई सहायता राशि प्रदान की गई है। घटना की जानकारी के बाद जिला साहू समाज के पदाधिकारी उनके घर पहुंचकर तात्कालिक सहायता राशि सहयोग के तौर पर प्रदान किया। इस घटना के लिए दोषी फ्टनानी ग्रुप के मालिक व कर्मचारियों लोगो के खिलाफ निष्पक्ष जांच व कानूनी कार्यवाही के लिए जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर तत्वरित कार्यवाही कर पीड़ित परिवार को मुआवजा व न्याय दिलाने की की मांग की किंतु खेद है। कि ज्ञापन सौपने के 11 दिन पश्चात शासन प्रशासन की ओर से इस दिशा में कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं होते देख जिला साहू समाज के पदाधिकारी ने आज जिला साहू सदन में एक आवश्यक बैठक कर शासन प्रशासन द्वारा अपनाये जा रहे ढुल मूल रवैय्या व गंभीरता से नहीं लेने को लेकर चिंता जाहिर किया गया।



जिला जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में मृतक जागेश्वर साहू के अनाथ पुत्र पुत्री व परिवार को जब तक उचित न्याय व मुआवजा नहीं मिल जाता तब तक उसे घटना के दोषियों के खिलाफकार्यवाही करने हेतु क्रमबद्ध कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है और बैठक के दौरान चिखली थाना प्रभारी को फ़ोन कर जांच की गति को पूछा गया लेकिन पुलिस ही आज तक घटना वाली जगह के मालिक का पता नही लगा पाई और इस संबंध में समाज से पूछा गया जिससे समाज को जांच में निष्पक्षता पर संदेह उत्पन्न हुवा जिसे यह भी निर्णय लिया गया है इस घटना की जांच में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने में ढील ढाल राजनैतिक व पायनियर ग्रुप अपनी पहुँच का फायदा उठा जांच को प्रभावित किया गया तो समाज उग्र आंदोलन भी करने के लिए तैयार है बैठक में जिला अध्यक्ष भागवत साहू उपाध्यक्ष शैलेंद्र साहू उपाध्यक्ष श्रीमती नीरा साहू, मदन साहू पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू तहसील अध्यक्ष डोंगरगांव हेमंत दास साहू ,मन्थिर साहू तहसील अध्यक्ष घुमका मनोज साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ राजनंदगांव, संगठन सचिव चंदन साहू व महेंद्र साहू हितेंद्र साहू संजय साहू और चंद्रकृत हेमंत साहू कल्पना साहू नूतन साहू पार्वती साहू सहित समाज के गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पेयजल संकट दूर करने व नल-जल योजना का कार्य जल्द पूर्ण करने परसबोड़ पंचायत के ग्रामीण मिले कलेक्टर से

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्लॉक के परसबोड़ पंचायत के ग्रामीण आज सरपंच जयश्री चांदतारे के नेतृत्व में पूर्व विधायक भुनेश्वर



बघेल के विशेष उपस्थित में आज कलेक्टर से मिलकर पानी के समस्या को देखते हुए पानी टंकी निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराने ज्ञापन दिए, उनके बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पहुंचकर मटकी फोड़ कर विरोध दर्ज कराए। पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा कि पूरे क्षेत्र का यही हाल है, अभी तक कार्य पूर्व नही होने के स्थिति में लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, कहीं सीसी रोड को खोद खराब कर दिए है, कहीं निर्माण अधूरा है। सरपंच जयश्री चांदतारे ने कलेक्टर से निवेदन किये है कि समस्या को देखते हुए कार्य जल्द पूर्ण करवाने की कृपा करें। प्रमुख रूप से जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू, ललित

## एम.पी की 90 पौवा गोवा अंग्रेजी शराब के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार व एक फरार

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगढ़ पुलिस को मध्यप्रदेश निर्मित गोवा अवैध शराब के साथ 01 आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने में सफलता हाथ लगी है व दूसरा आरोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त समाचार में बताया जाता है कि 30 मई2024 को गस्त पेट्रोलिंग दौरान करबला चौक डोंगरगढ़ के पास आरोपी निखिल कुमार साहू पिता स्व0 हेमंतदास साहू उम्र- 22 सल साकिन ग्राम अछोली को एक सफेद रंग के एक्टिवा स्कुटी वाहन में अवैध रूप से शराब परिवहन करते हुये पकड़कर आरोपी से कुल 90 पौवा गोवा अंग्रेजी व्हीस्की अंग्रेजी शराब मध्यप्रदेश निर्मित कुल मात्रा- 16.200 बल्क लीटर किमती- 11700/-रू0 एवं एक्टिवा स्कुटी वाहन को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। रेड कार्यवाही दौरान एक्टिवा वाहन के पीछे बैठा युवक पुनेश साहू जो पुलिस को देखकर फरार हो गया एवं प्रकरण में शामिल एक अन्य आरोपी का पता तलाश की जा रही है व साथ ही शराब मंगाने व लाकर डंप करने वाले आरोपियो के संबंध में लगातार पतासाजी की जा रही है।



# लारोकर हत्याकांड के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** क्वांर मेला 2023 के दौरान रेल्वे चौक के अन्ना इडली दुकान के पास अक्षय लारोकर जघन्य हत्याकांड मामला में फरार हुये शेष 02 आरोपीयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना दिनांक 19.10.2023 से फरार थे दोनों आरोपी। मामले पूर्व में 11 आरोपियों एवं 03 नाबालिक बालकों को न्यायालय पेश किया जा चुका है। पुलिस से मिले प्रेस नोट में बताया गया कि क्वांर नवरात्रि पर्व के दौरान 19 अक्टूबर 2023 को अन्ना इडली के सामने रेलवे स्टेशन रोड डोंगरगढ़ के पास मृतक अक्षय लारोकर पिता स्व0 किरण लारोकर उम्र- 28 साल साकिन बुधवारी पारा डोंगरगढ़ तथा सोहेल राज पिता शेख अहमद उम्र- 26 साल बुधवारी पारा डोंगरगढ़ को निलिख रामटेके, कस्तु, सोहेल मिर्जा, राबिन साईमन एवं अन्य 10-12 साथियों द्वारा एक राय होकर हत्या करने की नियत से धारदार चाकु से ताबड़-तोड़ हमला कर गंभीर चोंट पंहूचाया था जिससे अक्षय लारोकर कर ईलाज दौरान सी0एच0सी0 डोंगरगढ़ में मृत्यु हो गई थी



तथा सोहेल रजा को आयी चोंट के ईलाज हेतु उच्च स्तरीय चिकित्सायल रिफर किया गया था। जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में आरोपीगण के विरूद्ध धारा- 302, 307, 147, 148, 149 भादवि एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण में कुल 11 आरोपियो एवं 03 नाबालिक बालकों को पकड़कर वैधानिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय में पेश किया जा चुका है। मामला में आरोपी शेखर ठाकुर उर्फ खज्जी पिता बुधारू राम ठाकुर उम्र- 24 साल साकिन स्टेशन पारा ओ0पी0 चिखली राजनांदगांव एवं रवि यादव उर्फ कमलेश उर्फ जुजु पिता लक्ष्मण यादव उम्र- 27 साल साकिन स्टेशन पारा ओ0पी0 चिखली राजनांदगांव घटना दिनांक से फरार था जिसकी लगातार पता तलाश किया जा रहा था। कि दिनांक- 30 मई 2024 को फरार आरोपी में के संबंध में मुखबीर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम तैयार कर फरार आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़कर 30 मई 2024 को गिरफ्तार न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

# गौवंश अभ्यारण की घोषणा का बजरंग दल प्रदेश गौ रक्षा प्रमुख ने किया स्वागत

**रजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ की सड़कों पर खुलेआम घूम रही गायों की सुरक्षा और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वर्तमान विष्णुदेव सरकार राज्य में गौ अभ्यारण्य योजना ला रही है। सीएम विष्णु देव साय ने इस संबंध में कार्ययोजना तैयार करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदेश में गौ अभ्यारण्य बनाने की घोषणा पर बजरंग दल गौ रक्षा के प्रांत प्रमुख प्रशांत दुबे ने समस्त हिंदू सगठनों की ओर से मुख्यमंत्री को बधाई और धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मुझे यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही हैएसरकार ने सड़कों पर घूम रही गायों की सुरक्षा, देखभाल और संरक्षण के लिए गौ अभ्यारण्य बनाएगी, इससे निश्चित रूप से सड़कों



पर भूखी-प्यासी घूम रही गायों को नियमित चारा-पानी, देखभाल और चिकित्सा सुविधा मिलेगी और सड़क दुर्घटनाओं पर भी रोक लगेगी। साथ ही उन्होंने पूर्व में जारी की गौ वंशो योजनाओं की समीक्षा की ओर ध्यान देने की बात कही। राजनादगांव गौरक्षा के जिला प्रमुख अंशुल कसार ने कहा कि प्रदेश के समस्त गौसेवक श्री साय की गौसेवा योजनाओं के साथ है, हमारा लक्ष्य छत्तीसगढ़ में गौ माताओं को स्वस्थ्य जीवन के साथ बेहतर माहौल उपलब्ध कराना है। दिन-रात गौसेवक अपने निजी कार्यो को छोड़ गौवंशो और मुक प्राणियों को हर संभव अपनी सेवाए प्रदान करते है, प्रशासन भी गौसेवको को हर संभव सहायता प्रदान करें।

## जिला सतनामी सेवा समिति की साधारण (आम) सभा 9 जून को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छ.ग. सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 एवं नियम 1998 तथा समिति नियमावली 10 अ का परिपालन करते हुए जिला सतनामी सेवा समिति 5041 राजनांदगांव का साधारण (आम) सभा का आयोजन दिनांक 09.06.2024 दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से रखा गया है। इस आयोजन के संबंध में जिला सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष सूर्य कुमार खिलाडी ने बताया कि इस आयोजन में सभी सम्माननीय सरंक्षक सदस्य, आजीवन सदस्य, सक्रिय सदस्य तथा जिला कार्यकारिणी तथा ब्लॉक प्रमुखों (राजनांदगांव, छुरिया, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ तथा घुमका) के सभी सदस्यगण सादर आमंत्रित है। प्रमुख एजेण्डा निम्नानुसार प्रस्तावित है - 1. समिति का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत करना। 2. समिति का वर्षवार आय - व्यय पत्रकों को ऑडिट पश्चात स्वीकृत करना। सत्र 2019-20, 2020-21, 2021-2022, 2022-23, 2023-24, 3. समिति की आगामी निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी से अवगत कराना।

# नगर निगम के सेवानिवृत्त कर्मियों को आयुक्त की उपस्थिति में दी गई बिदाई



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम के सभागृह में आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में जल विभाग में पंप कुली के पद पर कार्यरत कर्मचारी श्री गोपाल साहू एवं स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सफाई कर्मी श्रीमती माधुरी सुभाष व श्रीमती कौशल्या बाई को सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्वक बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके,स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल, समाजकल्याण अधिकारी श्री भूपेन्द्र वाडेकर द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया गया।

बिदाई अवसर पर आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि हमारे तीनों कर्मचारी अपने जीवन का बहुत बड़ा भाग इस संस्था को दिया, और आज 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे है। इन्होंने स्वास्थ्य एवं जल जैसे महत्वपूर्ण विभाग में कुशलतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वाहन किये और आज के बाद समर्पित होकर वे अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन करेगे। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त पश्चात जो प्रक्रिया होगी उसे जल्द पूर्ण किया जायेगा, इसके अलावा जब भी आवश्यकता होगी निगम परिवार आपके साथ खडा रहेगा। मैं आप लोगों के आगे की



अच्छी जीवन के लिये शुभकामनाएं देता हूँ। कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने अपने संबोधन में कहा कि तीनों कर्मचारी लगभग 40 वर्ष का सेवाकाल व्यतीत कर आज सेवानिवृत्त हो रहे है,

# स्काउट गाइड कर रहे बेजुबान पशु पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के आदेशानुसार जिला संगठन आयुक्त मयुख श्रीवास्तव एवं जिला सचिव देवेन्द्र अंबादे के मार्गदर्शन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरिया प्रशान्त चितवर्कर और डेहर साहू, विकासखण्ड स्काउट गाइड सचिव के निर्देशन में छुरिया विकासखंड के रोवर रेंजर्स के द्वारा अपने-अपने घर की छतों एवं पेड़ ?पौधों की छाया में बेजुबान पशु पक्षियों के दाना पानी की



व्यवस्था के लिए विभिन्न प्रकार का जुगाड़ निरंतर किया जा रहा है। इस प्रकार ये बच्चे स्काउट गाइड के पांचवे नियम को सार्थक कर रहे हैं जिसमें कहा गया है कि स्काउट गाइड पशु पक्षियों का मित्र और प्रकृति प्रेमी होता है। उनके कार्यों से प्रेरित होकर गाँव के अन्य बच्चे और ग्रामीण भी अब अपने अपने घरों के आस पास इसी प्रकार की व्यवस्था बेजुबान पशु पक्षियों के लिए करने लगे हैं। छुरिया विकासखंड के स्काउट गाइड प्रभारी डेहर साहू ने छुरिया ब्लॉक के सभी स्काउट गाइड प्रभारी शिक्षकों को बधाई देते हुए अपील की है कि इसी प्रकार नेक कार्य को सभी लोग इस गर्मी की छुट्टी में अपने अपने घर के छत में पशु पक्षी के लिए सार्थक प्रयास करें और हमेशा की तरह अन्य बच्चों के लिए भी परोपकार का उदाहरण प्रस्तुत करें।

**शुभांक**

**1-4-0**

**400-4 178-6**

**भाग्यांक**

**459-8 227-1**


**आम- सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कुंतीबाई साहू पति ढालचंद साहू शपथ करती हूँ की पूर्व में मेरा नाम (विवाह पूर्व) गायत्री साहू पिता फ़िरन था जो कि घरेलू नाम भी था और सभी ज़मीन दस्तावेज में मेरा नाम गायत्री साहू पिता फ़िरन ही दर्ज है। गायत्री साहू व कुंतीलाल साहू दोनों नाम एक ही व्यक्ति व मुझ शपथकर्ती का ही नाम है। यह है कि मैं अपना नाम गायत्री साहू से परिवर्तित कराकर व सुधारकर कुंतीबाई साहू ध.प. ढालचंद साहू दर्ज कराने प्रकाशन हेतु शपथ कर रही हूँ। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम कुंतीबाई साहू पति ढालचंद साहू जाना व पहचाना जाए।**

**कुंतीबाई साहू पति ढालचंद साहू**
**झूराडबरी, पो. बघेरा**
**तहसील व ज़िला**
**राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई//**

//उद्घोषणा//

रा.प्र.क्र.- 202405291500015
शीर्ष- अ-6 वर्ष 2023-24
क्रमांक/2822/वा. नजूल / 2024
खैरागढ़, दिनांक 30/05/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक / केता श्रीमती सीमा जबीन पति श्री अब्दुल लतीफ जाति मुसलमान निवासी दाऊचौरा खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला दाऊचौरा ब्लाक नं. 07 स्थित भूखण्ड कमांक 47/1 कुल रकबा 1419 में से 930 वर्गफूट जो आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 05.03.2001 के माध्यम से अनावेदक / विक्रेता रामनारायण, धनसिंह दोनों पिता बंजू एवं श्रीमती उदासाबाई बेवा बंजू तीनों निवासी दाऊचौरा खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से कय उपरांत उक्त वाद भूमि संबंधी रिकार्ड अपना नाम दर्ज किए जाने नामांतरण आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि संबंधी रिकार्ड पर आवेदक के नाम किए पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति/आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30-05-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — **नजूल अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

ईश्तहार

रा.प्र.क्र... अ 2 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नित्या चन्द्रवंशी पति श्री गुनीराम चन्द्रवंशी, ग्राम खरहट्टा तहसील बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.) के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम खरहट्टा, प.ह.नं 15, तहसील बोड़ला स्थित भूमि ख.नं. 685 रकबा 0.388 हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से औद्योगिक प्रयोजन (गुड़ उद्योग) हेतु व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथी 10/06/2024 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 24/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक - 24/05/2024**
**पेशी दिनांक - 10/06/2024**

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला**

**न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरिया तहसील पिपरिया जिला-कबीरधाम**

रा0प्र0क0 /ब-121 वर्ष 2023-24
ग्राम-दशरंगपुर प0ह0नं0 28

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय केशरी पिता राजकुमार केशरी निवासी ग्राम दशरंगपुर द्वारा अपने पिता राजकुमार केशरी का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक के पिता की मृत्यु दिनांक 23.04.2021 को ग्राम दशरंगपुर में हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर मेरे समक्ष लिखित रूप से पेशी तारीख तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलीन की मुहर से जारी किया गया ।

**पेशी दिनांक 07.06.2024**

सील — **नायब तहसीलदार पिपरिया**

**न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरिया तहसील पिपरिया जिला-कबीरधाम**

ईकोर्ट प्रकरण कमांक 202405081800032/अ-6/ वर्ष 2023-24
ग्राम बिटकुलीकला प.ह.नं.- 22

// ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन कोसले पिता गरीबा कोसले निवासी ग्राम बिटकुलीकला द्वारा ग्रांम बिटकुलीकला स्थित भूमि खसरा नंबर 101 रकबा 0.320 हे0 भूमि गरीबा पिता हीरालाल सतनामी के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को भूस्वामी द्वारा दिनांक 23.06.2016 को रजिस्ट्री के माध्यम से दानपत्र निष्पादित किया गया है। दानपत्र के माध्यम से प्राप्त भूमि का अपने नाम पर नामांतरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त वाद भूमि के संबध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर मेरे समक्ष लिखित रूप से पेशी तारीख 17.06.2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 31.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलीन की मुहर से जारी किया गया

**पेशी दिनांक 17.06.2024**

सील — **नायब तहसीलदार पिपरिया**

## ज्ञान मंथन

*1) भूमि सेना गठित करने वाला देश का पहला राज्य कौन-सा है?*

*2) हाल ही में एप्पल कंपनी ने भारत में अपना पहला स्टोर किस शहर में लांच किया है?*

*3) 1912 में महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत किसने प्रतिपादित किया?*

*4) देश का पहला इलेक्ट्रिक तीर्थ कॉरिडोर किस राज्य में स्थापित किया जा रहा है?*

*5) अंतर्राष्ट्रीय सांख्यिकी पुरस्कार 2023 से किसे सम्मानित किया गया?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) उत्तरप्रदेश (2) मुंबई (3) अल्फ्रेड वेगेनर (4) उत्तराखंड (5) सी. राधाकृष्णन राव

# निगम के नेता प्रतिपक्ष भ्रष्टाचारियों की मंडली में शामिल हो गये क्या? - ओस्तवाल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक जारी बयान के माध्यम् से यह कहा कि,संस्कारधानी नगरीय की जनता ने विपक्ष के रूप में भाजपा के नेताओं को बैठाया था लेकिन जब प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार थी तो यही विपक्ष के नेता किशुन यदु अपने पार्टी के पार्षदों के लेकर कांग्रेस की महापौर के खिलाफ भ्रष्टाचार और प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ बदला पुरा की राजनीति का आरोप लगाते थकते नहीं थे और 16 करोड़ के बुढ़ासागर के भ्रष्टाचार में धरना प्रदर्शन करके बड़े- बड़े लगातार निगम की महापौर और तत्कालीन निगम आयुक्त और अन्य अधिकारियों पर आरोप लगाकर कार्यवाही और एफआई.आर. दर्ज की मांग की थी और निगम के लगभग 210 करोड़ रूपयों की अमृत मिशन योजना में भ्रष्टाचार - सफाई ठेका - सडक़ डामरीकरण आदि का भी आरोप नेता प्रतिपक्ष एवं आपकी पार्टी के पार्षदो के द्वारा भी भ्रष्टाचार का आरोप महापौर श्रीमती हेमादेशमुख और निगम के उन भ्रष्ट अधिकारियों पर आरोप



लगाये थे और तात्कालीन निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी जी के द्वारा निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु को स्पेशल मौसम्बी का जूस पिलाकर धरना समाप्त भाजपा के संगठन महामंत्री राजेन्द्र गोलछा आदि के समक्ष करवाया था और 60 दिन के अंदर बुढ़ासागर के मामले का खुलासा होगा इसका आश्वासन लेकर नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु धरने से उठ गये थे लेकिन अब आज जब प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार स्पष्ट बहुमत से बन गई है तो निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु को ऐसा कौन सा सांप सुंग गया है कि, वे भाजपा की प्रदेश में सरकार बनाने के बाद निगम के महापौर और वे भ्रष्ट अधिकारियों एवं ठेकेदारों के खिलाफ बोलना ही बंद कर दिया इसका जवाब शहर की जनता के सामने भाजपा नेताओं को देना होगा और श्री ओस्तवाल ने कहा कि, नेता प्रतिपक्ष उन भ्रष्टाचारियों की मंडली में शामिल हो गये है ? और यदि नहीं हुए है तो ?

भ्रष्टाचार के मामलों की कार्यवाही कराके खुलासा करें और जिस तरह से भाजपा के लगभग 13 पार्षद नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु के खिलाफ मोर्चा अपनी पार्टी के वरिष्ट नेता डॉ. रमन सिंह एवं शहर भाजपा के अध्यक्ष रमेश पटेल के समक्ष खोल दिये है उससे यह सिद्ध हो रहा है कि, नेता प्रतिपक्ष उस भ्रष्टाचारी मंडली में रंम गये है इसलिए उनको यदि जागना है तो मोतीपुर के वरिष्ठ नेता का दरवाजा पहले ढिला करना पड़ेगा जब कही जा करके इन भाजपा के 13 पार्षदो की सुनवाई होगी ? क्योंकि कामऊपुत नेता मोतीपुर वाले वरिष्ठ भाजपा नेता को अच्छा लगता है ?

# शराब माफिया ने सरपंच की कर दी पिटाई

## गांव स्तर पर बैठक के बाद हुआ हंगामा

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** धर्मनगरी अवैध शराब का गढ़ बनता जा रहा है. क्षेत्र में लगातार शराब की अवैध बिक्री हो रही है. इसके विरुद्ध पुलिस लगातार कार्रवाई का दावा भी करती है, लेकिन सूत्रों माने तो डोंगरगढ़ पुलिस कार्रवाई के नाम खानापूर्ति करती है. यही कारण है कि शराब माफ़ियाओं के हौसले बुलंद हैं. इनके बुलंद हौसलो से इस बात का अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि यहां के शराब माफ़िया जनप्रतिनिधि से भी मारपीट करने में बाज नहीं आते. पूरा मामला डोंगरगढ़ क्षेत्र के ग्राम सेंदरी का है, जहां 30 जून गुरुवार को सरपंच के साथ शराब कोचियों ने मारपीट की. इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने सैकड़ों की संख्या में डोंगरगढ़ थाना पहुंचे. ग्राम के सरपंच कृष्ण कुमार सिन्हा ने बताया कि गांव में उनके द्वारा शराबबंदी पर मीटिंग की गई, जिसमें गांव में अवैध रूप से शराब बेचने वाले व्यक्ति को बुलाकर गांव में शराब न बेचने की हिदायत दी गई थी. वहीं मीटिंग खत्म होने के बाद सभी अपने घर चले गए, तभी गांव के द्वारका प्रसाद ने सरपंच को अपने घर के पास बुलाया और उसके साथ मारपीट की. इससे आक्रोशित ग्रामीण डोंगरगढ़ थाना पहुंचे. पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई. हालांकि पूरे मामले में टीआई सीआर चंद्रा ने मीडिया से कुछ भी कहने से बचते रहे व सैकड़ों ग्रामीणों की शिकायत दर्ज कर आरोपी के ऊपर मामला बना खानापूर्ति कर दी गई.ग्रामीणों की माने तो आज डोंगरगढ़ शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शराब की अवैध बिक्री नहीं रुकी. पुलिस लगातार मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र से आने वाले अवैध शराब बरामद कर कार्रवाई भी कर रही है लेकिन इन कार्रवाई से असली शराब माफ़िया जोरों शोरों से अवैध शराब की बिक्री कर रहे हैं वे अभी तक बचे हुए हैं. छोटे कोचिया पर कार्रवाई कर जिम्मेदार विभाग अपनी ज़िम्मेदारी से भाग रहा है. यही कारण है कि ये शराब माफ़िया शासन को खुलेआम अंगूठा दिखा रहे हैं. आखिरकार इन माफ़ियाओं को किनका संरक्षण प्राप्त है, जो ये बिना डरे खुलेआम शराब बेचते हैं और किसी को भी मारपीट करने में जरा भी संकोच नहीं करते।




## छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागड़े, के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आदित्य कन्स्ट्राक्शन प्रा.लि. टेड़ेसरा कम्पनी में कार्य के दौरान श्रमिक गीतेश्वर साहू दुर्घटना का शिकार हुआ था जिस पर मृतक श्रमिक के परिवार व ग्रामीण छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागड़े, के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें सुरक्षा के उपकरण नही मिलने के कारण हुई दुर्घटना के लिए कम्पनी मालिक श्री आदित्य तथा जनरल मैनेजर के विरूद्ध एफआई.आर दर्ज करने तथा आश्रित परिवार को मुआवजा व पेंशन दिलायें जाने की मांग की गई । राजनांदगाँव तहसीलदार व सोमनी टी.आई. की माध्यस्थता में कई दौर की बैठक में शाम 7 बजे सहमति हुई थी दाह संस्कार के लिए 1 लाख रूपयें तथा 14 लाख का चेक, कुल 15 लाख मुआवजा देने की सहमति हुई तथा भविष्य निधि कार्यालय से मृतक श्रमिक की पत्नी व दो छोटे बच्चों को पेंशन दिलाने सहमति हुई है । यह लिखित समझौता रात 8:00 बजे हुआ, जिसमें कम्पनी एवं प्रबंधको के अलावा छ.मु.मो के अध्यक्ष भीमराव बागड़े, टेड़ेसरा के उपसरपंच देवलाल साहू, तुलसी देवदास, पूनाराम साहू, रमाकांत बंजारे सहित अनेक जन प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किये गये, हस्ताक्षर करने के पश्चात् धरना समाप्त किया गया । उक्त जानकारी छ.मु.मो के महासचिव पूनाराम साहू के द्वारा दी गई ।





## नवतपा की भीषण गर्मी में मेंटेनेंस के लिए बिजली बंद को स्थगित करवाने सौंपा ज्ञापन

**अम्बागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** अम्बागढ़ चौकी में दिनांक-01-06-2024 शनिवार को विद्युत विभाग द्वारा मेंटेनेंस हेतु सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक बिजली बंद की सूचना प्रसारित की गई है जिसका नागरिकों ने विरोध किया है। ज्ञात हो की वर्तमान में पूरे प्रदेश भर में नवतपा के कारण भीषण गर्मी पड़ रही है जिस वजह से कई जगहों पर भीषण गर्मी की मार से लोगो की जान भी जा चुकी है और गर्मी की वजह से लोग बीमार भी पड़ रहे हैं।



ऐसी परिस्थितियों को देखते हुए शहर के जागरूक नेताओं ने बिजली विभाग से गुहार लगाई है की मेंटेनेंस का कार्य नवतपा खत्म होने के बाद करें। अम्बागढ़ चौकी नगरवासियों की मांग पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पार्षद मनीष बंसोड़, व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय लाटा और शिवसेना अध्यक्ष दिनेश ताम्रकार ने विद्युत विभाग के अधिकारी को यथास्थिति से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा है।

## सांगली में आज यादव समाज का वार्षिक सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 1 जून शनिवार को सर्किल कोशरिया यादव समाज बाँधा बाजार का वार्षिक सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन ग्राम सांगली में किया गया है। आयोजन के मुख्य अतिथि कन्शु राम यादव जिला अध्यक्ष राजनांदगांव होंगे और कार्य क्रम की अध्यक्ष ता रामा धार यादव जिला अध्यक्ष मानपुर मोहला चौकी करेंगे। विशेष अतिथियों में कार्तिक राम यादव,फगुवा राम यादव,सीलु राम यादव,राधे लाल यादव,सुरेश यादव,महेश यादव,दुर्गा प्रसाद यादव,हरीश यादव,रेखचंद् यादव,अनिल यादव राजनांदगांव के साथ मानपुर मोहला से ओम प्रकाश यादव,धनेश यादव,बाबू लाल यादव,दुखी राम यादव,टेटकु राम यादव व श्रीमती साधना यादव आदि होंगे। दो जिलों का सामाजिक समागम का यह अच्छा अवसर है जिसमें सामाजिक सुधार पर सार्थक कदम होगा। सर्किल अध्यक्ष बलदु राम यादव,सचिव खेमचंद् यादव,,संरक्षक विष्णु राम यादव ने दोपहर 12 बजे सर्किल के स्वाजातीय बंधुयों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अनुरोध किया है।

## जिन किसानों को धान का बोनस राशि प्राप्त नही हुआ हो ऐसे, किसान संबंधित सहकारी समिति से संपर्क कर सकते हैं

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के किसानों से समर्थन मूल्य पर वर्ष 2014-15 एवं 15-16 में खरीदे गये धान का बकाया बोनस राशि दिया जा रहा है। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के ऐसे किसान जिन्होंने 2014-15 एवं 15-16 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया था। जिन्हें बकाया बोनस राशि प्राप्त नही हुआ है। वे संबंधित सहकारी समिति से संपर्क कर सकते है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी श्री श्याम लाल ठाकुर ने बताया कि जिन किसानों कों धान का बकाया बोनस राशि प्राप्त नहीं हुआ है, ऐसे किसान अपने संबंधित सहकारी समिति से संपर्क कर सकते हैं। धान का बकाया बोनस राशि प्राप्त करने के लिए संबंधित किसान आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित सहकारी समिति से संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। ऐसे किसान जिनका मृत्यु हो गया हो, ऐसी दशा में मृत्यु का प्रमाण पत्र, नॉमिनी का आधार कार्ड, बैंक पास बुक की फोटोकॉपी, धान विक्रय की पावती के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना होगा। इसी तरह जीवित किसानों को धान विक्रय की पावती, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की फोटो कॉपी के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना होगा। उल्लेखनीय है कि मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत इस अवधि के 208 किसानों का धान बोनस बकाया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के द्वारा धान का बकाया बोनस जिन किसानों को प्राप्त नही हुआ है, ऐसे किसानों से संपर्क किया गया है। इनमें से 26 किसान जों जिले से बाहर निवासरत हैं, उनसे संपर्क नहीं किया जा सका है।

## अंतर्राष्ट्रीय साहित्य समूह डोंगरगांव के द्वारा अपना पाँचवाँ स्थापना दिवस और आराधना के स्वर साझा काव्य संग्रह का आभासी आयोजन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** साहित्य सेवा के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डोंगरगांव को पहचान देने वाली आराधना अंतर्राष्ट्रीय साहित्य समूह डोंगरगांव के द्वारा अपना पाँचवाँ स्थापना दिवस और आराधना के स्वर साझा काव्य संग्रह का आभासी आयोजन गूगल मीट के माध्यम से किया गया। इस आयोजन को यू ट्यूब पर सीधा प्रसारण किया गया। नगर के स्वनामधन्य साहित्यकार, रंग कर्मी, गीतकार, मंच संचालक, समाज सेवी व शिक्षक गजेन्द्र हरिहारनो 'दीप'के द्वारा स्थापित, संचालित इस साहित्यिक समूह का आयोजन दो सत्रों में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि वैशाली रस्तोगी जकार्ता इंडोनेशिया, डॉ. बैजनाथ शर्मा ' मिन्टू ' दोहा क़तर थे। अध्यक्षता मधु शर्मा 'मोहना' न्यूयॉर्क यू. एस. ए .व डॉ. प्रतिभा गर्ग सिंगापुर ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती प्रेम मंगल न्यूयॉर्क यू एस ए तथा जय प्रकाश अग्रवाल काठमांडू नेपाल उपस्थित रहे। सरस्वती वंदना तथा स्वागत संबोधन पश्चात् आराधना के स्वर साझा काव्य संग्रह का ऑनलाइन विमोचन किया गया तत्पश्चात निशा अतुल्य देहरादून, रीता लोधा चाकुलिया झारखंड, बबीता माँधणा शालीमार कोलकाता, चमेली सुवासिता जगदलपुर, नीलू मेहरा कोलकाता व स्नेह लता पांडेय स्नेह के सुमधुर संचालन में देश के विभिन्न प्रांतों के लगभग 70 रचनाकारों के द्वारा काव्य पाठ किया गया। डॉ. चंदा गुप्ता नेह मॉरीशस, अखिलेश्वर मिश्रा जनता पिनकापार तथा मीरा आर्ची चौहान के द्वारा क्रमशः स्वागत संबोधन एवं आभार प्रकट किया गया।

# जिला जेल में ब्रह्माकुमारीज द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदान भवन लालबाग राजनांदगांव द्वारा सिविल लाइन स्थित जिला जेल में कैदी भाईयों के लिए विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित ब्रह्माकुमारीज़ की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने कहा कि तंबाकू तथा अन्य नशे से मुक्त होने के लिए हमे आध्यात्मिकता को अपने जीवन में धारण करना होगा । हमारा शरीर एक मंदिर है तथा मैं आत्मा इस मंदिर में विराजमान एक चैतन्य मूर्ति हूं मुझे अपने शरीर रूपी मंदिर को सभी प्रकार के व्यसनों तथा नशे रूपी कचरे से स्वच्छ रखना है जिससे तन के साथ साथ मन रूपी मंदिर भी स्वस्थ रहेंगे जिसमे पवित्र और श्रेष्ठ विचार रूपी पुष्प खिलेंगे । इसके लिए राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास बहुत आवश्यक है । अपने संबोधन के अंत में बहन जी ने उपस्थित सभी कैदी भाईयों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास भी कराया



। इसके पूर्व ब्रह्माकुमार झालम भाई ने बताया कि सर्वप्रथम सन् 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का मनाया गया था जिसका उद्देश्य था दुनिया में बढ़ते तंबाकू के सेवन को रोकना तथा लोगो को तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान से जागरूक करना । आज भारत में प्रतिवर्ष चार लाख लोग तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारी से मर जाते है जो कि हमारे भारत जैसे देश के लिए बहुत दयनीय स्थिति है । भारत को नशामुक्त देश बनाने के उद्देश्य से समय- समय पर ब्रह्माकुमारीज द्वारा नशामुक्ति कार्यक्रम चलाया जाता है । कार्यक्रम में उपस्थित जेल के गुरु जी तारकेश्वर प्रसाद ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा कैदी भाइयों को नशामुक्त जीवन जीने की नसीहत दी । कार्यक्रम के अंत में जन शिक्षण संस्थान द्वारा सिलाई तथा हाउस वायरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कैदी भाइयों को प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया । इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी झिलेश्वरी बहन जी, जेल के चिकित्सक महोदय तथा 50 से भी अधिक कैदी भाई उपस्थित थे ।

## धर्म समाचार....

# 6 जून को शनि जयंती : ज्येष्ठ अमावस्या पर किया जाता है वट सावित्री व्रत, शनि पूजा के साथ ही करें बरगद की पूजा



गुरुवार, 6 जून को ज्येष्ठ मास की अमावस्या है। इस तिथि पर शनि जयंती मनाई जाती है, साथ ही वट सावित्री व्रत भी किया जाता है। ज्येष्ठ अमावस्य पर शनि पूजा के साथ ही बरगद के पेड़ की भी पूजा करने की परंपरा है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, धर्म-कर्म के नजरिए से ज्येष्ठ मास का महत्व काफी अधिक है। इस महीने में गर्मी काफी अधिक रहती है और ऐसे में किए गए व्रत-उपवास का अक्षय पुण्य मिलता है। अक्षय पुण्य यानी ऐसा पुण्य जिसका असर जीवन भर बना रहता है। इस मास में गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी जैसे व्रत-पर्व भी आते हैं, जो हमें पानी का महत्व समझाते हैं।

**ऐसे मना सकते हैं शनि जयंती**

शनि देव को नौ ग्रहों में न्यायाधीश माना गया है। शनि सूर्य देव के पुत्र हैं। यमराज, यमुना शनि देव के सौतेले भाई-बहन हैं। माना जाता है कि ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर शनि देव का जन्म हुआ था। शनि जयंती पर सुबह जल्दी उठें और सूर्य को अर्घ्य अर्पित करें। इसके बाद किसी शनि मंदिर जाएं और शनि देव का सरसों के तेल से अभिषेक करें। शनि देव को नीले-काले वस्त्र चढ़ाएं। नीले फूल, काले तिल अर्पित करें। नारियल, मौसमी फल, मिठाई चढ़ाए। ऊँ शं शनैश्चराय नम: मंत्र का जप करते हुए धूप-दीप जलाएं। आरती करें। जरूरतमंद लोगों को तेल का दान करें। इसके साथ ही छाता, जूते-चप्पल, वस्त्र, अनाज का दान भी कर सकते हैं।

**वट सावित्री व्रत से जुड़ी खास बातें**- वट सावित्रि व्रत महिलाओं के लिए महाव्रत की तरह है। माना जाता है कि पुराने समय में इसी तिथि पर सावित्री ने पति सत्यवान के प्राण यमराज से बचाए थे। वट सावित्रि व्रत महिलाएं अपने पति के सौभाग्य, लंबे जीवन और अच्छी सेहत की कामना से करती हैं। इस व्रत में बरगद के पेड़ की पूजा की जाती है। शिव-पार्वती का विशेष अभिषेक किया जाता है। जो महिलाएं ये व्रत करती हैं, वे सावित्री, सत्यवान और यमराज की कथा पढ़ती-सुनती हैं।

## 31 मई से वृष राशि में रहेगा बुध:14 जून तक मेष, कर्क, सिंह, तुला और धनु राशि वाले लोगों के लिए रहेगा अच्छा समय

31 मई को बुध राशि बदलेगा। ये ग्रह अब मेष से निकलकर वृष राशि में आ जाएगा। जो कि 14 जून तक इसी राशि में रहेगा। फिर अपनी ही राशि यानी मिथुन में आ जाएगा। इस ग्रह के राशि परिवर्तन से देश-दुनिया की अर्थव्यवस्था और बाजार पर शुभ-अशुभ असर रहेगा। मिथुन, वृश्चिक और कुंभ राशि को रहना होगा संभलकर सूर्य के नजदीक रहने वाला बुध ज्योतिष के मुताबिक ग्रह ज्ञान, बुद्धि और वाणी पर असर डालता है। ऐसे में इसकी चाल में बदलाव का सीधा असर लोगों की रूटीन लाइफ पर पड़ेगा। पुरी के ज्योतिषाचार्य डॉ. गणेश मिश्र के मुताबिक बुध का राशि परिवर्तन मेष, कर्क, सिंह, तुला और धनु राशि वालों के लिए शुभ रहेगा। वृष, कन्या, मकर और मीन राशि वालों के लिए समय सामान्य रहेगा। वहीं, मिथुन, वृश्चिक और कुंभ राशि वालों को संभलकर रहना होगा।

**बुध का असर: मेष, कर्क, सिंह, तुला और धनु राशि के लिए शुभ समय...**

**मेष:** धन लाभ के योग हैं। फायदे वाला समय रहेगा। समाज में मान-सम्मान और पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दोस्तों और भाइयों से मदद मिलेगी। **वृष:** योजनाएं बनेंगी। उन पर काम होगा। अच्छे नतीजे भी मिलेंगे। लेकिन खर्चे बढ़ जाएंगे। सेहत को लेकर सावधान रहें। **सिंह:** कार्यक्षेत्र में सफलता वाला समय रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा। परेशानियां दूर होंगी। प्रॉपर्टी संबंधी कागजों से फायदा मिलेगा। कन्या: रहस्यों को जानने की इच्छा तीव्र होगी। परिजनों को आर्थिक हानि होने की आशंका है। सेहत को लेकर सावधानी रखने की जरुरत है। **तुला:** परेशानियां खत्म होंगी। धन लाभ के योग बनेंगे। राज की बातें पता चलेंगी। किस्मत का साथ मिलेगा। सोचे हुए काम पूरे होंगे। **वृश्चिक:** रोजमर्रा के कामों में रुकावटें आ सकती हैं। गुप्त बातें उजागर होने से नुकसान होने की आशंका है। **धनु:** यात्राओं का योग है। रोजमर्रा के काम समय से पूरे होंगे। कागजी कामों में फायदा होगा। नौकरी और बिजनेस के लिए अच्छा समय है। **मकर:** नए कामों की योजनाएं बनेंगी। लेकिन काम समय पर पूरा नहीं हो पाएगा। संतान संबंधी परेशानी हो सकती है। किस्मत का साथ कम ही मिल पाएगा।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल, टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# स्कूल में बच्चों का बौद्धिक, शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास होना चाहिए - कलेक्टर

## नये शिक्षण सत्र शुरू होने के पहले सभी बच्चों को मिले पाठ्यपुस्तक, गणवेश एवं सायकल, कलेक्टर ने शाला उत्सव एवं शिक्षण कार्यों की समीक्षा की

**स्कूलों में रहे स्वच्छ और सकारात्मक वातावरण**

**स्कूलों में ग्रीन स्कूल की तर्ज पर वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण करने के दिए निर्देश**

**स्कूलों में वृक्षारोपण एवं किचन गार्डन विकसित करने के लिए कहा**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शाला उत्सव एवं शिक्षण कार्यों के संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि स्कूल पठन-पाठन, अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ खेल कूद और अन्य पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाओं का केन्द्र होना चाहिए। स्कूलों में शिक्षक ऐसा वातावरण बनाये जैसे पहले गुरूकुल में हुआ करता था। स्कूल में बच्चों का बौद्धिक, शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास होना चाहिए। बच्चों एवं शिक्षकों में रचनात्मक गतिविधियां बहुत होती है इसे स्कूलों में करने कहा। बच्चों को अपने आस-पास के वातावरण को कैसे साफ-सफाई एवं स्वच्छ रखें इसकी जानकारी देनी चाहिए। स्कूलों में स्वच्छ वातावरण बनाएं जिससे सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न हो। उन्होंने स्कूलों में सकारात्मक वातावरण बनाने कहा। उन्होंने स्कूलों में नियमित अभिभावकों की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, वृक्षारोपण, खेत का पानी खेत में ही रूके, गांव का पानी गांव में ही रूके, फसल



चक्र करना, कम पानी वाली फसलों का उपयोग करने जैसे बातों को बच्चों को बताने कहा। जिससे बच्चों का ज्ञान बढ़ेगा और उनके जीवन में काम आएगा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि नये शिक्षण सत्र शुरू होने के पहले सभी बच्चों को पाठ्यपुस्तक, गणेवश एवं सायकल मिल जानी चाहिए। जिससे बच्चे को शुरू से ही पढ़ाई करने में आसानी हो सके। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में परिवर्तन होते जा रहा है। इसके लिए जल संरक्षण एवं संवर्धन, वृक्षारोपण, फसल चक्र, कम पानी लगने वाली फसलों को प्रोत्साहित करना एवं उपयोग करने कहा और बच्चों को इसके संबंध में शिक्षा भी देना है। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों के शिक्षक एवं शासकीय हॉस्पिटल के डाक्टरों में अनुभव और ज्ञान बहुत होता है। इसका सही तरीके से उपयोग करने की जरूरत है। स्कूलों में संसाधनों की कमी नहीं है इसका सही तरीके से उपयोग करने की जरूरत है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के शासकीय स्कूलों में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करने कहा। सभी स्कूलों में ग्रीन स्कूल की तर्ज पर वृक्षारोपण करने कहा और इसके साथ जल संरक्षण के उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए कार्ययोजना बनाकर देने कहा। जिससे पानी का संरक्षण किया जा सके। उन्होंने महिला एवं विकास विभाग के अधिकारियों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए बच्चों का चिन्हांकन उन्हें पौष्टिक आहार नियमित प्रदान करने कहा।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने सभी शासकीय स्कूलों भौतिक जानकारी भेजने कहा। जिससे वहां की जरूरतों को पूरा किया जा सके। उन्होंने जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए रैन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्लान करने कहा। जिससे बारिश एवं वेस्टेज पानी का संरक्षण कर सके। उन्होंने स्कूलों के बच्चों को ओडीएफमित्र बनाने कहा। उन्होंने कहा कि स्कूलों में वृक्षारोपण करना है, जिसके लिए प्लान करने कहा। वृक्षारोपण के लिए पौधे उपलब्ध कराए जा सके। इसके साथ किचन गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में आहाता निर्माण, मैदान समतलीकरण जैसे आधारभूत संरचनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने कहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल, सहायक संचालक श्री आदित्य खरे, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह, जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्यौहारे सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मुरमुंदा देवी अहिल्याबाई होल्कर का जन्म जयंती वर्ष 2024 समारोह ग्राम आतरगांव में

**राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)।** झाड़े गड़रिया (धनकर) समाज देवी अहिल्याबाई होल्कर स्वर्ण जयंती महोत्सव 2024 ग्राम आतरगांव (डोंगरगांव) दिनांक 02/06/2024 दिन रविवार को मनाया जायेगा । जिसमें झाड़े धनकर समाज के अध्यक्ष महोदय श्री गोविंद धनगर जी के द्वारा समाज को आगे बढ़ाने के लिए 10 वीं और 12 वीं में उत्तीर्ण छात्र - छात्राओं और बुजुर्ग महिलाओ को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जायेगा ।



## युवाओं को नौकरी करने के बारे में नहीं सोचना चाहिए, बल्कि उन्हें नौकरी देने वाला बनना चाहिए : प्रकाश तिवारी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** साहित्य और शिक्षा राजनांदगांव जिले की पहचान है। यहां की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी कलकल करती हुई बहती है और लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। इसके साथ ही यहां की आबो हवा में साहित्य और शिक्षा की धारा निरन्तर प्रवाहित होती है। आज हम बात करने जा रहे हैं कामर्स के प्रसिद्ध नवाचारी शिक्षक प्रकाश तिवारी के बारे में जो अकाउंट्स विषय को विशेष शैली में पढ़ाने के कारण विद्यार्थियों के बीच काफी लोकप्रिय हो गए हैं, उनका अथर्व एकेडमी नाम से एक कोचिंग संस्थान भी है जहां से छात्रों को अकाउंट्स से संबंधित डाउट्स आसानी से क्लियर होता हैं।प्रकाश तिवारी कहते हैं कि, मुझे 24 जून 2015 का दिन बहुत अच्छे से याद है जब हमने अपने दोस्तों के साथ मिलकर इस एकेडमी की नींव रखी थी। मैंने दोस्तों के साथ मिलकर शुरुआत की, लेकिन जैसे.जैसे समय बीतता गया, मुझे अकेले ही संघर्ष करना पड़ा। दोस्तों ने साथ छोड़ दिया, लेकिन मैंने अपना काम जारी रखा। नतीजा आपके सामने है। अपनी प्रामाणिकता साबित करने के बाद दुनिया आपको सलाम करती है। मैं युवाओं को यह संदेश देना चाहता हूं कि उन्हें सिर्फनौकरी करने के बारे में नहीं सोचना चाहिए, बल्कि उन्हें नौकरी देने वाला बनना चाहिए। कोई भी बड़ा कारोबार अचानक से बड़ा नहीं बन जाता। शुरुआत छोटे स्तर से की जाती है जिसे कड़ी मेहनत से आसमान की ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है। सफलता का यही मंत्र है। हर काम को पूरी लगन और अनुशासन के साथ करो। नियमित अभ्यास से आपके काम में पूर्णता आती है। साथ ही अपने काम के प्रति ईमानदार रहो। जीतने के लिए हारना भी सफलता का हिस्सा है, जिसे ध्यान में रखना चाहिए। एक दिन सफलता तुम्हारे कदम चूमेगी। आज, अथर्व एकेडमी सैकड़ों बच्चों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन चुका है। यहां से पढ़े कई छात्रों ने महत्वपूर्ण परीक्षाएं उत्तीर्ण की हैं और बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर हैं।



# शासकीय मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों का त्यागपत्र देकर जाना निरन्तर जारी




**राजनाँदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों का त्यागपत्र देकर जाना निरन्तर जारी है, कल भी मेडिकल कॉलेज के माइक्रो बायोलॉजी के एचओडी (प्रोफेसर) डॉ. अम्बादे ने अपना त्यागपत्र दिया। गौरतलब है, की पत्रकार ही मेडिकल कॉलेज को बचाने की जुगत में लगे हुए है, बाकी कोई नेता का मैदानी बयान या किसी प्रकार का आंदोलन देखने नही मिल रहा है। लगता है मेडिकल कॉलेज के रहने से मात्र पत्रकारों को ही फायदा होने वाला है। कुछ समय पहले राजनांदगाँव के नाम को बदल कर दिग्विजय नगर के नाम से रखने की आग शहर में लगी हुई थी, इस मामले को लेकर आंदोलन के लिए तक उतारू हो चुके थे। क्या मेडिकल कॉलेज को बचाने के लिए आम जनमानस एक आंदोनल नही कर पा रहा है, आंदोलन तो छोड़ो, मेडिकल कॉलेज को बचाने के लिए नेताओं को ज्ञापन तक नही सौप पा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज राजनांदगाँव शहर की शान है, इसे उजाड़ होने से आम जनता का सहयोग जरूरी है। क्योकि आज और आने वाले समय मे हर वर्ग की पहली जरूरत हॉस्पिटल ही होगी। यदि कोई जनप्रतिनिधि इसमें पहल करे तो निश्चित ही धीरे-धीरे इस आंदोलन में जनसैलाब उमड़ पड़ेगा, और मेडिकल कॉलेज को नया जीवनदान मिलेगा।



# रोज रोज लड़ाई झगड़े से परेशान शराबी पिता को बेटे ने उतारा मौत के घाट

## ग्राम हालाडुला (कुमरदा) की घटना

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्रामीण क्षेत्रों में शराब आदि नशा अब परिवार में लड़ाई झगड़े के साथ हत्या का कारण भी बनते जा रहा है। शराब के नशे में पिता द्वारा रोज रोज घर में वाद विवाद व लड़ाई झगड़े से परेशान बेटे ने अपने पिता की टंगिया मारकर हत्या कर दी। मृतक आदतन शराबी बताया जाता है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार घटना कल 30 मई गुरूवार की रात्रि का बताया जा रहा है। समीपस्थ ग्राम हालाडुला (कुमरदा) निवासी शेषलाल नेताम आ. मंगलाराम नेताम (46 वर्ष) कर्नाटक में मजदूरी का कार्य करता है। वह इन दिनों अपने गांव आया हुआ है। घर में उनकी पत्नि, दो पुत्र व एक पुत्री निवास करते हैं। बताया जाता है कि शेषलाल जब से गांव आया था, तबसे रोज ब रोज शराब पीकर घर आता था और किसी न किसी बात को लेकर अपनी पत्नि से वाद विवाद व मारपीट करता था। यहां तक कि बच्चों से भी वह दुर्व्यहार करते रहता था। घटना की जानकारी के अनुसार कल 30 मई की रात्रि भी वह शराब के नशे में अपने घर पहुंचा और किसी बात को लेकर वाद विवाद करने लगा। रात ज्यादा होने पर जब उसकी पत्नि मीनाबाई उसको खाना खाने बोली तो वह और भडक़ गया तथा अत्यधिक उत्तेजित होते हुए घर में रखे टंगिया से अपनी पत्नि को मारने दौड़ा। इस बीच उसका बड़ा लडक़ा जितेन्द्र नेताम (20 वर्ष) बीच बचाव के लिए सामने आया और अपने पिता के हाथ से टंगिया को छिन लिया। इससे शेषलाल और भडक़ गया और सामने पड़े लाठी से अपने पुत्र को ही मारने दौड़ा। इस बीच रोज रोज के लड़ाई झगड़े से परेशान जितेन्द्र गुस्से में आ गया और अपने हाथ में रखे टंगिया से अपने पिता के सिर पर ही वार कर दिया। एक ही वार से शेषलाल का सिर फट गया और वह वहीं पर ढेर हो गया। वारदात के बाद घटना की सूचना कुछ गांव वालों ने स्थानीय थाने में दी, जिसके बाद आज सुबह पुलिस मौकाये वारदात पर पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं पूछताछ के बाद वारदात को अंजाम देने वाले जितेन्द्र को अपनी गिरफ्त में लेकर थाने पहुंची। आज दिन में पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को परिवारजनों को सौंप दिया गया। जबकि, घटना के पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है। आरोपी को शनिवार को रिमांड पर जेल भेजा जाएगा।



## अधिकारी कर्मचारियों ने ली नशा मुक्ति का संकल्प

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन, परियोजना निदेशक श्री हेमंत ठाकुर एवं अधिकारी- कर्मचारियों ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया। संकल्प लिया गया कि मुझे ज्ञात है कि नशापान से मानसिक असंतुलन की स्थिति बनती है। नशापान से कार्य करने की क्षमता कम हो जाती है, तथा व्यक्ति भ्रमित हो जाता है। नशापान से शारीरिक एवं मानसिक गंभीर व्याधियां होती है। नशापान से सामाजिक प्रतिष्ठा कम होती है तथा समाज से प्राय: उपेक्षा मिलती है। नशापान से पारिवारिक सुख एवं समृद्धि का अंत होता है, जिससे जीवन में भटकाव की स्थिति बनती है। नशापान से वातावरण प्रदूषित होता है, जिससे हमारे परिवार के बच्चे अधिक प्रभावित होते हैं। नशापान उच्च स्तरीय जीवन शैली का प्रतीक नहीं है, अपितु अज्ञानता में लिया गया निर्णय है। आगे यह भी संकल्प लिया गया कि अपने छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने, अपने परिवार में हर्षोल्लास रखने, तन, मन, धन को सुदृढ़ बनाने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए, सभी वर्ग के व्यक्तियों में नशापान के दुष्परिणाम को प्रचारित कर तथा यथा संभव नशा पीड़ितों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करता रहूंगा।



# चिलचिलाती गर्मी में लोगों का घर से निकलना हुआ दूभर, अंचल में लू के हालत सिविल अस्पताल में रोजाना लू के 40 से 50 मरीज़ पहुंच रहे

## लू से सबसे ज्यादा बच्चे ग्रसित वर्तमान में सिविल अस्पताल में डेढ़ साल से लेकर 14 साल के 7 बजे लू से ग्रसित होकर इलाज करा रहे हैं

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** नौतपा में पड़ रही भीषण गर्मी ने क्षेत्रवासियों को बेहाल कर रखा है। नौतपा के पहले दो-तीन दिनों तक बदली तथा बूंदाबांदी के बाद तापमान कम होने की वजह से एक ओर जहां लोगों को राहत रही। वहीं नौतपा से पड़ रही भीषण गर्मी तथा लू से लोग हलाकान हैं। जिला मुख्यालय खैरागढ़ में बुधवार को तापमान 42 डिग्री व गुरुवार 44 से 45 डिग्री रहा है। भीषण गर्मी से जूझ रहे लोग अब मानसून का इंतजार कर रहे हैं, ताकि लू तथा तपती गर्मी से राहत मिल सके। शुक्रवार को सुबह 11 बजे से ही तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया, जो दोपहर 3 बजे तक बढ़ते-बढ़ते 45 डिग्री तक पहुंच गया। अंचल में इन दिनों लू के थपेड़ों ने लोगों का घर से निकलना दूभर कर दिया है। तेज धूप का असर सुबह 9 बजे से ही लोगों को नजर आता है। वहीं शाम को ढलते हुए सूर्य की गर्मी से भी लोग खासे परेशान हैं। जिसके चलते शाम 7 बजे तक गर्म हवाएं चलती रहती हैं। चिलचिलाती हुई गर्मी में घर से बाहर निकलने पर भट्टी की तरह गर्मी है। जिसके चलते बच्चे तथा बड़े बड़ों के आसानी से लू का शिकार बनने की आशंका बनी हुई है। चिकित्सकों के अनुसार अमूमन खाली पेट तथा अधिक समय तक तेज धूप तथा गर्मी में बाहर रहने से लू लगने की संभावना अधिक रहती है। लिहाजा लू से बचाव का सबसे आसान तरीका है कि कभी भी खाली पेट घर से ना निकलें। घर से निकलने पर चेहरे तथा सर को अच्छी तरह से ढंककर निकलें। चिकित्सकों ने तो पालकों को विशेष रूप से हिदायत देते हुए बच्चों को दिनभर घर के अंदर ही रखने की सलाह दी है तथा दोपहर 11 बजे से 4 बजे तक आवश्यक ना हो तो घर से बाहर नहीं निकलने की बात कही है। नगर में पड़ रही भीषण गर्मी तथा लू का असर इन दिनों पूरे नगर में नजर आ रहा है।



**बढ़ते गर्मी के बीच पेट दर्द, लू , बुखार, उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या में भारी बढ़ोतरी सबसे ज्यादा बच्चे ग्रसित**

अस्पतालों में मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है. नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों उमस और तेज गर्मी ने लू , वायरल बुखार, उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ा दी है. साथ ही मौसमी बीमारियों का कहर भी बढ़ रहा है. शहर के शासकीय एवं निजी क्लीनिकों में रोजाना मरीजों की संख्या बढ़ रही है. जब हमारे रिपोर्टर शहर के सिविल अस्पताल पहुंचे तो देखे अस्पताल में सबसे ज्यादा लू से बच्चे ग्रसित है अभी वर्तमान में। सिविल अस्पताल में डेढ़ साल से लेकर 14 साल के 7 बच्चे लूं से ग्रसित होकर सिविल अस्पताल में भर्ती हैं । ओपीडी में रोजाना मरीजों की लंबी लाइन लग रही है बीमारियों में लू, वायरल बुखार, उल्टी दस्त, दर्द, मलेरिया के मरीज सबसे ज्यादा सामने आ रहे है. डॉ.पंकज वैष्णव ने बताया कि ओपीडी से ही मरीजों को दवाई सहित रक्त परीक्षण जैसी कार्यवाही कर सतर्कता बरतने कहा जा रहा है, तो दूसरी ओर ज्यादा गंभीर स्थिति वाले मरीजों को भर्ती भी किया जा रहा है। भरी गर्मी से पेट दर्द, उल्टी दस्त सहित वायरल बुखार की परेशानी भी सामने आ रही है. ऐसे में लोगों को उपचार के साथ बीमारियों से बचने के तरीके बताए जा रहे है. डा.पंकज वैष्णव के अनुसार हीट स्ट्रोक यानी लू के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, बदन दर्द, आंखों का लाल होना, तेज सुस्ती तथा कभीकभार झटके आना है। लू के प्रमुख उपचार में लू के मरीजों को अधिक से अधिक पानी पिलाना चाहिए तथा मरीजों को ठंडे स्थान पर आराम करना चाहिए। घरेलू उपचार में आम का पना, बेल का शरबत, नींबू का शरबत, प्याज का रस काफी लाभकारी होता है। वहीं लू के मरीजों को चिकित्सक की सलाह पैरासीटामॉल दवा भी देना चाहिए। चिकित्सकों के अनुसार लू से बचने के लिए सबसे बेहतर है कि कभी भी खाली पेट घर से ना निकलें। दो से तीन गिलास ठंडा पानी पीकर निकलने पर लू का असर बेहद कम होता है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com